इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
एक नवरत्न कम्पनी

ENGINEERS INDIA LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)
A Navratna Company

पंजीकृत कार्यालय : इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110 066 भारत
Regd. Office : Engineers India Bhawan, 1, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110 066 INDIA

ईमेल/e-mail: company.secretary@eil.co.in, दूरभाष /Phone: 011-26762855/2580
कंपनी सचिवालय/ COMPANY SECRETARIAT

सं.सचिव /No. Secy/906/9/10 13.07.2022

| | |
|---|---|
| **The BSE Limited**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers**<br>**Dalal Street, Fort**<br>**Mumbai – 400 023** | **The National Stock Exchange of India Limited**<br>**Exchange Plaza, 5th Floor**<br>**Bandra Kurla Complex**<br>**Bandra (East), Mumbai-400051** |
| **Scrip Code-532178** | **Symbol-ENGINERSIN** |

**विषय: समाचार पत्र विज्ञापन - पोस्टल बैलेट नोटिस**
**Sub: Newspaper Advertisement –Postal Ballot Notice**

प्रिय महोदय/महोदया,
Dear Sir/Madam,

In compliance of provisions of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper advertisement regarding Postal Ballot Notice published on 13.07.2022.

कृप्या उपरोक्त को रिकॉर्ड में लें।
Kindly take the above on record.

भवदीय/Very truly yours,

नरेंद्र कुमार/Narendra Kumar
अनुपालन अधिकारी/Compliance officer

संलग्नक: यथोक्त/Encl: As above

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
EIL
ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)

पंजीकृत कार्यालय : इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066 भारत
**Regd.Office:** Engineers India Bhawan,1, Bhikaji Cama Place, New Delhi - 110066
ई–मेल / **e-mail:** company.secretary@eil.co.in, दूरभाष / **Phone:** 011- 26762121
कंपनी सचिवालय / COMPANY SECRETARIAT

**NOTICE**

**NOTICE OF POSTAL BALLOT/REMOTE E-VOTING TO THE MEMBERS**

Notice is hereby given pursuant to the provisions of Section 110 read with Section 108 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 (**"the Act"**), Rule 20 and Rule 22 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, (**"Rules"**) (including any statutory modification(s) or re-enactment thereof for the time being in force), Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) to the extent applicable, Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (**"SEBI LODR, 2015"**) read with General Circular Nos. 14/2020 dated April 08, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 08, 2021 and 3/2022 dated May 05, 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India (**"MCA Circulars"**), and other applicable laws and regulations that the Ordinary/Special Resolution(s) set out in the Postal Ballot Notice dated July 05, 2022 are proposed to be passed by Members through Postal Ballot by voting through electronic means ('remote e-voting').

In line with the aforesaid MCA Circulars, Postal Ballot Notice together with Explanatory Statement and instructions for remote e-voting has been sent to the members of the Company through electronic mode on **Tuesday, 12th July, 2022** whose e-mail ID(s) are registered with the Depository Participants (DP) or RTA i.e., Alankit Assignments Limited is on cut-off date, **Friday, 8th July, 2022**. The same is also hosted on the website(s) of the Company at **www.engineersindia.com** under INVESTORS Section, Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **www.bseindia.com** and National Stock Exchange of India Limited **www.nseindia.com** and remote e-voting agency i.e. National Securities Depository Limited (NSDL) at **www.evoting.nsdl.com**.

The Company has engaged the services of Depository viz: National Securities Depository Limited (NSDL) to provide the remote e-voting facility. The remote e-voting period commences on **Wednesday, 13th July, 2022 at 9:00 am (IST)** and ends on **Thursday, 11th August, 2022 at 5:00 pm (IST)**. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter and shall not be allowed beyond the said date and time. During this period, members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e. **Friday, 8th July, 2022** only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting.

Manner of registering/ updating the email address:

1. For members holding shares in physical mode, please provide necessary details like Folio No., name of members alongwith scanned copy of share certificate (front and back), PAN (Self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar) to Company's Registrar and Share Transfer Agent i.e., Alankit Assignments Limited, 205-208, Anarkali Complex, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055 or by e-mail to **rta@alankit.com**.
2. Members holding shares in Demat mode can get their Email ID registered by contacting their respective Depository Participant(s).

Shri Sachin Agarwal (CP No. 5910), or failing him Ms. Poonam (CP No. 24827), of M/s Agarwal S. & Associates, Practicing Company Secretaries, have been appointed as Scrutinizer for conducting the e-voting process in accordance with the law in fair and transparent manner.

The result of the voting by Postal Ballot will be announced on or before **Friday, 12th August, 2022** and shall be available on the Company's website at **www.engineersindia.com** and on the website of the Stock Exchanges BSE Limited at **https://www.bseindia.com/** and National Stock Exchange of India Limited at **https://www.nseindia.com/** and on the website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com** and on the Notice board at the Registered office of the Company.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Ms. Soni Singh, Assistant Manager at **evoting@nsdl.co.in** or call on 1800 1020 990 and 1800 22 44 30.

**For Engineers India Limited**
sd/-
S.K. Padhi
(Company Secretary)

**Place:** New Delhi
**Date:** 12th July, 2022

amber

**AMBER ENTERPRISES INDIA LIMITED**

**Registered Office:** C-1, Phase – II, Focal Point, Rajpura Town – 140 401, Punjab
**Corporate Office:** Universal Trade Tower, 1st Floor, Sector -49, Sohna Road, Gurugram – 122 018, Haryana
**E-mail:** info@ambergroupindia.com; **Website:** www.ambergroupindia.com
**Tel:** +91 124 3923000; **Fax:** +91 124 3923016, 17; **CIN:** L28910PB1990PLC010265

**NOTICE OF THE 32ND ANNUAL GENERAL MEETING OF AMBER ENTERPRISES INDIA LIMITED AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

Dear Member(s),

Notice is hereby given that the 32nd Annual General Meeting of the Company ("AGM") of Amber Enterprises India Limited ("Company") will be convened on Tuesday, 2 day of August 2022 at 02:00 P.M. IST through Video Conferencing / Other Audio Video Means ("VC/ OAVM") facility to transact the businesses, set out in the Notice of 32nd AGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("Act"), the Ministry of Corporate Affairs ("MCA"), General Circular number 14/2020 dated 8 April 2020, 17/2020 dated 13 April 2020, 20/20 dated 5 May 2020, 28/2020 dated 17 August 2020, 02/2021 dated 13 January 2021, 19/2021 dated 8 December 2021, 21/2021 dated 14 December 2021 and 02/2022 dated 5 May 2022 and Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/ CIR/P/2020/79 dated 12 May 2020, Circular No. SEBI/ HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 15 January 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 on 13 May 2022.

The Electronic copies of the Notice of the 32nd AGM, procedure and instructions for e-voting and the Annual Report for the financial year 2021-22 have been sent on Monday, 11 July, 2022 to all the members whose email IDs are registered with the Company/Depository.

The Notice of 32nd AGM and the Annual Report for the financial year 2021-22 are also available on the website of the Company at www.ambergroupindia.com, the website of Registrar and Share Transfer Agent, KFin Technologies Limited ("**KFin**") at www.kfintech.com and on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited www.nseindia.com.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 ("the Act") and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended ("SEBI Listing Regulations") the Registrar of Members and share transfer books will remain closed from Saturday, 23 July 2022 to Tuesday, 2 August 2022 (both days inclusive).

In compliance with Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, as amended and the Secretarial Standards on General Meetings ("SS2") issued by the Institute of Company Secretaries of India, the Members are provided with the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of the AGM through the e-voting system provided by KFin in the video conferencing platform during the e-AGM. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid up equity share capital of the Company as on Friday, 22 July 2022 ("cut-off-date").

The Company is providing the facility to its Members to exercise their rights to cast their votes on the businesses as set forth in the notice of the 32nd AGM by electronics means through both remote e-voting.

**VOTING INSTRUCTIONS**

All the members are informed that :

1) Members may access the platform to attend the 32nd AGM of the Company through VC by using their DP ID-Client ID/Folio No., as applicable as login credentials.
2) The instructions for participating through VC and detailed procedure for remote e-voting/e-voting during the AGM including the manner in which Members holding shares in physical form or who have not registered their email addresses can cast their vote through e-voting facility are provided as a part of Notice of the 32nd AGM.
3) The members whose names appear in the register of members or in the registered of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date of 22 July 2022 shall only be entitled to avail the remote e-voting facility or vote as the case may be, at the AGM.
4) Any person holding shares in physical form and non-individual shareholders, who acquires Shares of the Company and becomes Member of the Company after sending of the Notice and holding shares as of the cut-off date, may obtain the login ID and password for casting his/her vote and for attending the AGM by sending their request to evoting@kfintech.com. However, if he /she is already registered with KFin for remote e-voting then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote.
5) Individual shareholders holding securities in electronics mode and who acquires Shares of the Company and becomes Member of the Company after sending of the Notice and holding shares as of the cut-off date, may follow steps mentioned in Notice of the AGM.
6) The remote e-voting period will commence on Saturday, 30 day of July 2022 at 9:00 A.M. and end on Monday, 1 day of August 2022 at 5:00 P.M. The Members who have cast their votes by remote e-voting on the resolutions prior to the AGM may attend/participate in the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes on such resolutions again.
7) For queries regarding remote e-voting please contact Mr. K. Raj Kumar, Senior Manager - Corporate Registry, KFin at rajkumar.kale@kfintech.com or Mr. G Vasanth Rao Chowdari Manager - Corporate Registry at vasanth.g@kfintech.com, Toll Free No.: 1800-3094-001.

The Board has appointed M/s V Jhawar & Co, a firm of Practicing Company Secretaries (Membership No. 10300, CP No 11204) as the scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

By Order of the Board
For **Amber Enterprises India Limited**
Sd/-
**Konica Yaadav**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Gurugram
**Date:** 12 July 2022

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

# THE KARUR VYSYA BANK LIMITED

**Registered & Central Office, No. 20, Erode Road, Vadivel Nagar, L.N.S., Karur – 639002**
**[CIN No: L65110TN1916PLC001295]**
[e-mail:kvb_sig@kvbmail.com] [Website: www.kvb.co.in]
[Tel No: 04324-269441] [Fax No: 04324-225700]

**NOTICE OF 103RD ANNUAL GENERAL MEETING (AGM) TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING ("VC") OR OTHER AUDIO VISUAL MEANS ("OAVM")**

Notice is hereby given that the 103rd Annual General Meeting ("AGM") of The Karur Vysya Bank Limited (the "Bank") will be held on Wednesday, 03rd August 2022 at 11:00 a.m. IST through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the businesses set out in the Notice of the AGM.

The Bank has sent the 103rd AGM Notice along with Integrated Annual Report for the Financial Year 2021-22 on July 12, 2022, through electronic mode to members whose email addresses are registered with Bank/Registrar and Share Transfer Agent/Depository Participants (DP) and as per the data downloaded from the Depositories/RTA as on July 08, 2022, in compliance with Circular No. 02/2022 dated May 05, 2022 read with Circulars No 20/2020 dated May 5, 2020 and No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 19/2021 dated December 08, 2021 and No. 21/2021 dated December 14, 2021 issued by Ministry of Corporate Affairs ('MCA'), and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022 issued by Securities Exchange Board of India.

Members may also download the copy of the Integrated Annual Report and Notice from the website of the Bank at https://www.kvb.co.in/investor-corner/annual-general-meeting/ and website of the Stock Exchange i.e. National Stock Exchange of India Limited (NSE) at https://www.nseindia.com, and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at https://www.evoting.nsdl.com.

Members can attend and participate in the AGM through VC/OAVM facility only. The instructions for joining the AGM are provided in the Notice of AGM. Members attending the AGM through VC / OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

**DATES OF BOOK CLOSURE:**

Notice is also hereby given, Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013 (the "Act") and the rules made thereunder and in compliance with the Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Bank will remain closed from **Thursday, July 21, 2022** to **Wednesday, August 03, 2022** (both days inclusive).

**MANNER OF CASTING VOTE(S) THROUGH E-VOTING:**

In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and any amendments thereto, the Bank is providing e-Voting facility to all its Members holding shares in physical and dematerialized form to exercise their right to vote by electronic means through remote e-Voting on any or all of the business specified in the Notice of the AGM.

The Bank has engaged National Depository Services Limited (NSDL) to provide remote e-Voting Facility. A Member whose name appears in the Register of Members or in the Register of Beneficial owners maintained by Bank's RTA/ Depositories as at the end of the business hours on Wednesday, July 27, 2022 (i.e., Cut-off Date) shall be entitled to avail the facilities of remote e-Voting, and vote at the AGM by electronic means by accessing at https://www.evoting.nsdl.com. The schedule of remote e-Voting facility is as detailed below:

| | | |
|---|---|---|
| Remote e-Voting | Commences on | Friday, July 29, 2022 (10.00 a.m. IST) |
| | Ends on | Tuesday, August 02,2022 (5.00 p.m. IST) |

All the Members are further informed that:

1) The remote e-Voting module shall be disabled by NSDL at 5.00 p.m. on August 02, 2022. Once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.
2) Further, an eligible Member may participate in the AGM through VC/OAVM even after exercising his right to vote through remote e-Voting, but shall not vote again during the AGM.
3) Members who are present in the AGM through VC/OAVM and have not cast their vote on resolutions through remote e-Voting shall be eligible to cast their vote through e-Voting during the AGM.
4) Members can join the AGM through VC / OAVM mode before 30 minutes of the time scheduled for the AGM by following the procedure mentioned in the Notice. The facility to join through VC / OAVM will be available for Members on first come first serve basis.
5) Any person who acquires shares of the Bank and becomes a Member of the Bank after the dispatch of the Notice of AGM and holding shares on cutoff date i.e., Wednesday, July 27, 2022, may obtain the login ID and Password of e-Voting by sending a request at kvb_sig@kvbmail.com or green@skdc-consultants.com or evoting@nsdl.co.in. A person who is not a member as on the cutoff date should treat this notice for information purpose only.
6) The Board of Directors has appointed Shri R K Bapulal (FCS No. 5893), M/s Bapulal Yasar & Associates as the Scrutiniser to scrutinise the remote e-Voting process and e-Voting at AGM in a fair and transparent manner.
7) Members who are holding shares in physical mode and not registered their e-Mail ID are requested to provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to green@skdc-consultants.com
8) Members who are holding shares in demat mode and not registered their e-Mail ID are requested to provide DPID-CLID (16 digit DPID + CLID or 16 digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self -attested scanned copy of Aadhar Card) by email to kvb_sig@kvbmail.com for obtaining the user ID and Password for casting the vote through remote e-voting/e-voting during the AGM.
9) Alternatively members may send a request to evoting@nsdl.co.in for procuring user id and password for e-voting by providing above mentioned documents.
10) All correspondence/queries/grievances relating to remote e-Voting by electronic means may be addressed to:
    a) Mr. Siva Kumar I, Manager, The Karur Vysya Bank Ltd, Investor Relations Cell, No. 20, Erode Road, Vadivel Nagar, L.N.S., Karur - 639002 (Phone no. 04324-269441; e-mail ID: kvb_sig@kvbmail.com) or
    b) Mr. K Jaya Kumar, Manager, M/s S.K.D.C. Consultants Ltd.,(RTA of the Bank) ('a Wholly Owned Subsidiary of Link Intime India Private Limited'), (Unit: Karur Vysya Bank Ltd), "Surya", 35, Mayflower Avenue, Behind Senthil Nagar, Sowripalayam Road, Coimbatore -641028 Tel: 0422 - 2539835, 2539836, 4958995 e-Mail: green@skdc-consultants.com or
    c) Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, NSDL, 4th Floor, 'A' Wing, Trade World, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai – 400 013. e-Mail: evoting@nsdl.co.in, Tel: 1800 102 0990/ 1800 22 4430.

**DIVIDEND & TAX DEDUCTED AT SOURCE THERE ON:**

Members may note that the Board of the Directors, in their meeting held on 20th May 2022 recommended Dividend of Rs. 1.60/- per equity share of face value of Rs. 2/- each for the Financial Year ended March 31, 2022, subject to approval shareholders of the Bank in the Annual General Meeting and any other statutory authorities, if required. Pursuant to amendments in the Income Tax Act, 1961 introduced by the Finance Act, 2020 dividend income is taxable in the hands of shareholders w.e.f. April 01, 2020 and the Bank is required to deduct tax at source (TDS) from dividend paid to shareholders at the prescribed rates. The rate of TDS would vary depending on the residential status of the shareholder and documents registered with the Bank.

Members may note that Bank has already sent an email communication with respect to deduction of TDS on 06th July, 2022 and informed about the utility in the Banks website at https://www.kvb.co.in/investor-corner/tds-on-dividend/ for submitting the documents related to claiming of exemption. Members may also submit the documents at green@skdc-consultants.com from their registered email ids or forward the forms to Bank's Registered Office Address. All the communications on tax determination/tax deductions received up to 22nd July 2022 shall be considered for determining TDS.

**PROCEDURE TO UPDATE E-MAIL DETAILS, MOBILE NUMBER, PAN, KYC DETAILS AND BANK ACCOUNT MANDATE IN FOLIO NO./DP&CL ID:**

In terms of SEBI Circulars dated 03 November 2021 and December 14 2021 on Common and Simplified Norms for processing investor's service request (Physical Shareholders) by RTAs and norms for furnishing PAN, KYC details & Nomination, it shall be mandatory for all holders of physical securities in listed entity to furnish/update PAN, Nomination, Address, Mobile Number, e-Mail Address, Bank Account mandate and Specimen Signature by submitting prescribed Forms viz., ISR-1, ISR-2, SH-13, etc., as the case may be. The folios wherein any one of the cited document/details are not available on or after April 01, 2023 shall be frozen by the RTA. The format of said Forms are available at www.skdc-consultants.com →Investor Services →Downloads →General →Formats for KYC and also available at www.kvb.co.in →Investor Corner →Share Holder FAQ.

Hence, we request the members of the Bank, who have not registered their PAN, Nomination, Address, Mobile Number, e-Mail Address, Bank Account mandate and Specimen Signature, to update the same in the following manner:

| | |
|---|---|
| a) For the shares held in physical form | Submit duly filled Forms viz., ISR-1 (Request for Registering/updating the e-Mail ID, PAN, KYC details, Bank mandate etc.,), ISR-2 (confirmation of signature of shareholder by their banker), SH-13 (request for nomination), etc., as the case may be, along with required supporting documents to the Bank's RTA i.e. M/s S.K.D.C. Consultants Ltd, addressed at (Unit: The Karur Vysya Bank Ltd) "Surya" 35, Mayflower Avenue, Behind Senthil Nagar, Sowripalayam Road, Coimbatore – 641028. |
| b) For the shares held in electronic form (i.e., Demat) | The details shall be updated with the concerned Depository Participant (DP) where the Demat account is maintained. |

**For The Karur Vysya Bank Limited**
Srinivasa Rao M
Company Secretary
(Membership No. ACS 19189)

Place : Karur
Date : July 12, 2022

# पाबंदी हटी, एनएफओ में आएगी तेजी

## कुछ हफ्तों में एक दर्जन योजनाएं हो सकती हैं पेश, नई पेशकश से निवेश को मिलेगा सहारा

समी मोडक
मुंबई, 12 जुलाई

देसी म्युचुअल फंडों की योजना न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लाने की है क्योंकि इस पर लगी तीन महीने की पाबंदी खत्म हो गई है। उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा कि इक्विटी व हाइब्रिड श्रेणी में करीब एक दर्जन एनएफओ अगले कुछ हफ्ते में बाजार में पेश हो सकते हैं क्योंकि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां बढ़ी मांग और मूल्यांकन में आई गिरावट का फायदा उठाना चाहती हैं।

मंगलवार को एडलवाइस एएमसी का मल्टीकैप फोकस्ड इक्विटी फंड और वाइटओक का कैपिटल फ्लेक्सीकैप फंड सबस्क्रिप्शन के लिए खुल गया। अगले हफ्ते क्वांटम एएमसी अपने पहले इंडेक्स फंड की पेशकश की घोषणा कर सकती है।

अप्रैल से 37 लाख करोड़ रुपये के म्युचुअल फंड उद्योग ने एक भी योजना पेश नहीं की है, जिसकी वजह निवेशकों के फंडों की पूलिंग से जुड़े नए नियमों के क्रियान्वयन में देरी थी, जो 1 अप्रैल से प्रभावी हुआ था। एनएफओ से पाबंदी हटा ली गई है क्योंकि उद्योग ने कामयाबी के साथ इन नियमों को लागू कर दिया है, जिसे क्लाइंटों की प्रतिभूतियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए लाया गया है।

### एनएफओ में मजबूती की संभावना

| अवधि | एनएफओ में मिली रकम (करोड़ रुपये) |
|---|---|
| जून 21 | 200 |
| जुलाई 21 | 13,700 |
| अगस्त 21 | 21,800 |
| सितंबर 21 | 7,700 |
| अक्टूबर 21 | 6,300 |
| नवंबर 21 | 1,800 |
| दिसंबर 21 | 400 |
| जनवरी 22 | 200 |
| फरवरी 22 | 300 |
| मार्च 22 | 11,800 |
| अप्रैल 22 | 3,200 |
| मई 22 | – |
| जून 22 | – |

स्रोत : जेफरीज, एम्फी
नोट : सिर्फ इक्विटी व हाइब्रिड एनएफओ के आंकड़े



जून 2021 से अप्रैल 2022 के बीच इक्विटी व हाइब्रिड एनएफओ के जरिये 67,400 करोड़ रुपये जुटाए गए। विशेषज्ञों ने कहा कि एनएफओ की बहाली से इक्विटी योजनाओं में निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी, जो विदेशी फंडों की तरफ से की गई बिकवाली की भरपाई के लिहाज से अहम है।

फंड्सइंडिया के शोध प्रमुख अरुण कुमार ने कहा, हमने हालांकि उतारचढ़ाव में इजाफा देखा है, लेकिन देसी निवेशकों में घबराहट नहीं है। यहां तक कि बाजार नीचे आए हैं लेकिन निवेश मजबूत बना हुआ है और फंड हाउस आक्रमकता के साथ एनएफओ पेश करने पर विचार कर रहे हैं, जो मौजूदा निवेश को सहारा देगा।

माह दर माह के लिहाज से इक्विटी योजनाओं में निवेश थोड़ा कम हुआ है क्योंकि शेयर कीमतों में गिरावट आई है और एनएफओ पर पाबंदी लगी है। सकारात्मक निवेश को मोटे तौर पर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान का सहारा मिला है। जून में इक्विटी योजनाओं ने लगातार 16वें महीने सकारात्मक निवेश हासिल किया। यह हालांकि 15,498 करोड़ रुपये रहा, जो 2022 के औसत से 18 फीसदी कम है। बाजार नियामक सेबी ने फंड हाउस को हर श्रेणी में सिर्फ एक ओपन ऐंडेड योजनाएं पेश करने की इजाजत दी है। इसके परिणामस्वरूप एएमसी प्रॉडक्ट गैप को भरने के लिए सिर्फ एक नई योजना पेशकर पाएंगे।

टीबीएनजी कैपिटल एडवाइजर्स के संस्थापक व सीईओ तरुण बिरानी ने कहा, हमें मौजूदा प्रॉडक्ट की पेशकश की काई पाटने के लिए ही एनएफओ पर ध्यान देना चाहिए। क्लाइंट पोर्टफोलियो में मौजूदा खाई अंतरराष्ट्रीय निवेश, कम लागत वाला इंडेक्स फंड और स्मार्ट बीटा स्ट्रैटिजी हो सकती है।

पिछले कुछ हफ्तों में एएमसी ने एनएफओ के लिए पेशकश दस्तावेज सेबी के पास जमा कराए हैं। उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा कि एनएफओ की वास्तविक संख्या शुरुआती पेशकश को मिलने वाली प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी।

कुमार ने कहा, चूंकि ज्यादातर एएमसी एनएफओ लाना चाहेंगे जब निवेश पहले से ही मजबूत है तो एंट्री पॉइंट बेहतर रहेगा। लेकिन शुरुआती एनएफओ पर निवेशकों की प्रतिक्रिया के बाद एएमसी अपनी योजनाओं में फेरबदल कर सकती हैं।

# एनएमडीसी को सीपीएसई इंडेक्स से हटाया जाएगा, शेयर टूटा

**सरकारी स्वामित्व** वाली खनन कंपनी एनएमडीसी को निफ्टी सीपीएसई इंडेक्स से हटाया जाएगा। कंपनी की तरफ से अपनी स्टील सहायक एनएमडीसी स्टील को अलग करने के फैसले के बाद यह देखने को मिला है। इस प्रस्ताव को शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। आईआईएफएल ऑल्टरनेटिव रिसर्च के विश्लेषण के मुताबिक, इस कदम के बाद निफ्टी सीपीएसई इंडेक्स में 5 फीसदी भारांक रखने वाली एनएमडीसी से करीब 800 करोड़ रुपये की निवेश निकासी हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप इंडेक्स में नए शेयर शामिल नहीं किए जाएंगे, पर सीपीएसई इंडेक्स के कुछ मौजूदा सदस्यों को पुनर्संतुलन का फायदा मिल सकता है। ओएनजीसी, कोल इंडिया और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में इस पुनर्संतुलन के कारण 3.1 करोड़ डॉलर से लेकर 4.6 करोड़ डॉलर तक का निवेश हासिल हो सकता है। निवेश की सही मात्रा अब और 5 अगस्त के बीच (समायोजन की तारीख) शेयर कीमतों में होने वाले फेरबदल पर निर्भर करेगी।

मंगलवार को एनएमडीसी का शेयर 5.3 फीसदी टूट गया। इस शेयर पर दोहरी मार पड़ गई - सीपीएसई इंडेक्स से निकासी और लौह अयस्क की कीमतों में गिरावट। एनएमडीसी देशकी सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी है। *बीएस*

## एनएमडीसी ने लौह अयस्क लंप, फाइंस के दाम घटाए



देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 'लंप अयस्क' और 'फाइंस' दोनों की कीमतों में 500 रुपये प्रति टन की कटौती की है। ।लौह अयस्क लंप ढेले के समान होते हैं और जब इसे चूरे में बदल दिया जाता है तब इन्हें फाइंस कहा जाता है।

एनएमडीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में बताया कि दोनों खनिज पदार्थों की नई कीमतें मंगलवार से प्रभावी हैं। लौह अयस्क दरअसल इस्पात के विनिर्माण में उपयोग किए जाने वाला प्रमुख कच्चा माल है। इसकी कीमतों में किसी तरह के उतार-चढ़ाव का सीधा असर इस्पात के भाव पर पड़ता है। नियामकीय सूचना के अनुसार, कंपनी ने लंप्स की कीमत घटाकर 3,900 रुपये प्रति टन और फाइंस की 2,810 रुपये प्रति टन कर दी है। एनएमडीसी ने बताया कि नई कीमतें 12 जुलाई से प्रभावी हैं और इसमें रॉयल्टी, जिला खनिज कोष (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी), उपकर, वन परमिट शुल्क और अन्य कर शामिल नहीं है। एनएमडीसी भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। **भाषा**

# त्योहारों में उपभोक्ता उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी

पृष्ठ-1 का शेष



**वी-मार्ट** रिटेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ललित अग्रवाल ने कहा, 'छोटे शहरों के ग्राहकों की कुल आय का 60 से 65 फीसदी खाने-पीने के सामान पर खर्च हो रहा है जबकि कोविड से पहले इस पर 50-52 फीसदी ही खर्च होता था।' उन्होंने कहा कि इन इलाकों में ग्राहकों ने अपने कुछ खर्चों में कटौती की है।

कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनियों को आपूर्ति की किल्लत के साथ कमजोर मांग का भी सामना करना पड़ रहा है। मगर उन्हें भी त्योहारों पर पिछले साल से ज्यादा बिक्री की उम्मीद है। गोदरेज अप्लायंसेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष और कारोबार प्रमुख कमल नंदी ने कहा, 'इस बार पिछले साल की तुलना में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बिकने वाले सामान की मात्रा कम ही रहेगी।' उन्होंने कहा कि प्रीमियम उत्पादों की मांग तो बढ़ेगी मगर कम दाम वाले उत्पादों की बिक्री नरम ही रहेगी। कम दाम वाले उपभोक्ता उपकरणों की बिक्री आम तौर पर फरवरी से मई के बीच बढ़ती है। नंदी ने कहा कि 2020 में त्योहारों के दौरान उपभोक्ता उपकरणों की बिक्री 40 फीसदी घटी थी और 2021 में इसमें 30 फीसदी की गिरावट आई थी। कोविड के दौरान इन उत्पादों के दामों में भी 17 से 18 फीसदी का इजाफा हुआ है।

कोडक, थॉमसन आदि ब्रांड के लाइसेंस वाली कंपनी सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्याधिकारी अवनीत सिंह मारवाह ने कहा, 'आम तौर पर जब बिक्री मंदी होता है तो त्योहारों के दौरान इसमें तेजी आनी शुरू होती है।'

यात्री वाहन विक्रेताओं को भी इस साल त्योहारों के दौरान बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। उनका मानना है कि सेमीकंडक्टर की कमी दूर होने से वाहनों का उत्पादन बढ़ा है जिससे वाहनों के लिए कम इंतजार करना पड़ रहा है। एसयूवी श्रेणी में नए वाहन आने से भी मांग बढ़ने की उम्मीद है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने कहा कि इस साल त्योहारों में पिछले साल की तुलना में बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। मगर दोपहिया कंपनियां अब भी बिक्री बढ़ाने के लिए जूझ रही हैं।

# ईडी ने एनएसई से मांगी आईसेक की जानकारी

पृष्ठ-1 का शेष

एनएसई को सोमवार को भेजे गए विस्तृत ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। सूत्रों ने कहा कि निदेशालय ने एक्सचेंज से आईसेक के बारे में विस्तृत पूछताछ की। इसमें एनएसई जैसे संवेदनशील संस्थान के सिस्टम ऑडिट के लिए कम विशेषज्ञता वाली ऐसी गुमनाम कंपनी की नियुक्ति की वजह भी पूछी गई है। यह भी पूछा गया है कि क्या मौजूदा प्रबंधन को इस बारे में पता था।

आईसेक द्वारा लगाई गई निगरानी व्यवस्था को 2019 में इलेक्ट्रॉनिक-कचरा कहकर नष्ट कर दिया गया था। ईडी इस बात की भी पड़ताल कर रहा है कि आईसेक से संबंधित सबूतों को नष्ट करते समय मौजूदा प्रबंधन और ऑडिटरों ने आपत्ति उठाई थी या नहीं और उन्हें ब्रोकरेज को ऐसे ठेकों के बारे में पूछा था या नहीं।

पता चला है कि आईसेक के साथ एक्सचेंज का करार फरवरी, 2017 में यानी चित्रा रामकृष्ण के जाने के दो महीने के भीतर खत्म हो गया था। एक्सचेंज का नया प्रबंधन जुलाई, 2017 में आया था।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक्सचेंज के प्रमुख कर्मचारियों की जासूसी करने के आरोप में पिछले सप्ताह एनएसई के पूर्व प्रमुखों चित्रा रामकृष्ण और रवि नारायण तथा मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त और आईसेक सर्विसेज के संस्थापक संजय पांडेय के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## एक साथ छुट्टी पर जाने वाले कर्मियों के खिलाफ इंडिगो की कार्रवाई

**विमानन कंपनी** इंडिगो ने कम वेतन को लेकर एक साथ छुट्टी पर जाने वाले अपने तकनीकी कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। बड़ी संख्या में विमानन कंपनी के तकनीकी कर्मचारी कम वेतन के विरोध में पिछले पांच दिनों के दौरान स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए थे। सूत्रों ने बताया कि अब कंपनी ने छुट्टी लेने वाले इन कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सा दस्तावेजों के साथ एयरलाइन के डॉक्टर को दिखाने का निर्देश दिया है। *भाषा*

# बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से बैंकों को बड़े नुकसान की आशंका : इक्रा

## एजेंसी ने कही कि बैंकों को 13,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है

बीएस संवाददाता/भाषा
मुंबई, 12 जुलाई



**बॉन्ड प्रतिफल** बढ़ने से बैंकों को अप्रैल-जून तिमाही में अपने निवेश पर मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से 13,000 करोड़ रुपये का नुकसान (मार्क टू मार्केट) होने की आशंका है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी कर कहा कि 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में लाभ कुछ नरम होगा, लेकिन कर्ज में अच्छी वृद्धि और परिचालन लाभ से बैंकों का मुनाफा 2022-23 में लगातार बने रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों के कर्ज में 2022-23 में 10.1 से 11 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है।

बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियां अधिक हैं। खासकर वे प्रतिभूतियां ज्यादा हैं जो लंबी अवधि की हैं। इससे बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से लाभ के नजरिये से चुनौतियां खड़ी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिये बॉन्ड पोर्टफोलियो पर नुकसान 8,000 से 10,000 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के बैंकों के लिये 2,400 से 3,000 करोड़ रुपये तक रहने की आशंका है। इक्रा के उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा, 'मार्क टू मार्केट नुकसान के बावजूद 2022-23 में परिचालन लाभ 11-12 प्रतिशत बढ़ने की संभावना को देखते हुए हमारा अनुमान है कि बैंकों का मुनाफा बना रहेगा। मुख्य परिचालन लाभ बढ़ने से 'मार्क टू मार्केट' नुकसान का असर कम होगा।'

हालांकि अगर प्रतिफल आने वाले समय में और अधिक बढ़ता है, तो इस वित्त वर्ष में लाभ पर कुछ असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों के लिए कर्ज वृद्धि 2022-23 की पहली तिमाही में सकारात्मक बनी हुई है। यह वृद्धि कर्ज के सभी मोर्चों पर है। इक्रा ने कहा कि ब्याज दर बढ़ने से आने वाले समय में कर्ज की मांग पर असर पड़ने की आशंका है। लेकिन चालू वित्त वर्ष में कर्ज वृद्धि 11 प्रतिशत तक रह सकती है जो 2021-22 में 9.7 प्रतिशत थी।

# सोने में मामूली तेजी, चांदी भी चमकी

दिल्ली सराफा बाजार में सोना 15 रुपये की बढ़त के साथ 50,581 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 50,566 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 648 रुपये टूटकर 56,120 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। *भाषा*

बड़ौदा यू.पी.बैंक
Baroda U.P. Bank
Head Office : Buddh Vihar Commercial Scheme, Taramandal, Gorakhpur-273016

Baroda U.P. Bank, Gorakhpur, hereby invites sealed Proposals from experienced Firms for Supply, Installation, Implementation, Configuration, Commissioning and Maintenance of Micro ATMs for Debit Card Green PIN generation, regeneration & Transaction. The Proposals should be submitted according to two cover System consisting of Technical Bid and Commercial Bid. The Request for Proposal Document can be downloaded from the **Bank's website http://www.barodaupbank.in** from **14.07.2022**. The last date of submission of Bids is scheduled till **05.08.2022 1700 Hrs.**

**Dated- 13.07.2022** **General Manager**

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)
**पंजीकृत कार्यालय** : इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066 भारत
**Regd.Office:** Engineers India Bhawan, 1, Bhikaji Cama Place, New Delhi - 110066
ई–मेल / **e-mail:** company.secretary@eil.co.in, दूरभाष / **Phone:** 011- 26762121
कंपनी सचिवालय / COMPANY SECRETARIAT

**सूचना**

**सदस्यों को पोस्टल बैलेट / रिमोट ई–वोटिंग की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 **("अधिनियम")** की धारा 108 के साथ पठित धारा 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 22, **("नियम")** (किसी वैधानिक संशोधन(नों) या तत्समय प्रभावी उसके पुनः–अधिनियमन सहित), स्वीकार्य सीमा तक आम बैठकों पर सचिवीय मानक (एसएस–2); कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 08 दिसंबर 2021 और 3/2022 दिनांक 05 मई 2022 **("एमसीए परिपत्रों")** के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 **("सेबी एलओडीआर, 2015")** के विनियम 44 और अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसरण में 05 जुलाई, 2022 की पोस्टल बैलेट सूचना में निर्धारित साधारण / विशेष संकल्प(पों) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ('रिमोट ई–वोटिंग') के माध्यम से मतदान करके पोस्टल बैलेट के माध्यम से सदस्यों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त एमसीए परिपत्रों के अनुरूप, पोस्टल बैलेट सूचना सहित व्याख्यात्मक विवरण और रिमोट ई–वोटिंग के निर्देश कंपनी के उन सदस्यों, जिनकी ई–मेल आईडी कट–ऑफ तारीख यानी **शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022** तक डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) या आरटीए यानी, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड से पंजीकृत है, को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से **मंगलवार, 12 जुलाई, 2022** को भेजे गए हैं। इसे कंपनी की वेबसाइट **www.engineersindia.com** पर निवेशक अनुभाग के तहत, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड की **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की **www.nseindia.com** और रिमोट ई–वोटिंग एजेंसी यानी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की **www.evoting.nsdl.com** पर भी होस्ट किया गया है।

रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए कंपनी ने डिपॉजिटरी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **बुधवार, 13 जुलाई, 2022 को सुबह 9:00 बजे (भा.मा.स.)** पर शुरू होकर **गुरुवार, 11 अगस्त, 2022 को शाम 5:00 बजे (भा.मा.स.)** समाप्त होती है। उसके बाद मतदान के लिए रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्तव तारीख और समय के बाद मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, कट–ऑफ तारीख यानी **शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022** को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

ईमेल पते को पंजीकृत / अद्यतन करने का तरीका:

1. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, कृपया आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, सदस्यों के नाम के साथ शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (आगे और पीछे), पैन की स्कैन्ड प्रति (पैन कार्ड की स्व–प्रमाणित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार की स्व–प्रमाणित स्कैन प्रति) कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205–208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 को या ई–मेल द्वारा **rta@alankit.com** पर उपलबध कराएं।
2. डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) से संपर्क करके अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत करवा सकते हैं।

मेसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज के श्री सचिन अग्रवाल (सीपी नं. 5910) या उनकी अनुपस्थिति में सुश्री पूनम (सीपी नं. 24827) को कानून के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया गया है।

पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान का परिणाम **शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022** को या उससे पहले घोषित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट **www.engineersindia.com** और स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.bseindia.com/** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.nseindia.com/** और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक को **evoting@nsdl.co.in** पर भेजी जा सकती हैं या 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल की जा सकती है।

**कृते इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड**
हस्ता./–
एस.के. पाढ़ी
(कंपनी सचिव)

**स्थान:** नई दिल्ली
**दिनांक:** 12 जुलाई, 2022

**इन्फ्रा, पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की नतीजे पूर्व समीक्षा**

# मजबूत ऑर्डर बुक से इन्फ्रा, पूंजीगत वस्तु फर्मों को दम

विवेट सुजन पिंटो
मुंबई, 12 जुलाई



### जून तिमाही पर अनुमान

- तिमाही आधार पर आंकड़ों में नरमी के आसार, क्योंकि जून तिमाही अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाती है
- विश्लेषकों को इन कंपनियों के लिए सालाना आधार पर 18.7 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि और करीब 70 प्रतिशत पीएटी वृद्धि का अनुमान है

**सरकार के** पूंजीगत खर्च से चालू वित्त वर्ष (2022-23) की पहली तिमाही में इन्फ्रास्ट्रक्चर और पूंजीगत वस्तु कंपनियों के राजस्व एवं मुनाफे में वृद्धि संभावित है। हालांकि तिमाही आधार पर, इन दोनों मोर्चों पर आंकड़े कमजोर रहने का अनुमान है, क्योंकि पहली तिमाही को इन कंपनियों के लिए मौसमी तौर पर कमजोर तिमाही माना जाता है।

बीएस रिसर्च ब्यूरो द्वारा संकलित किए गए आंकड़े के अनुसार इस क्षेत्र के विश्लेषकों को इन कंपनियों के लिए सालाना आधार पर 18.7 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि और करीब 70 प्रतिशत कर-बाद लाभ (पीएटी) वृद्धि का अनुमान है। इन कंपनियों में लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी), थर्मेक्स एबीबी, और केईसी इंटरनैशनल मुख्य रूप से शामिल हैं।

तिमाही आधार पर, राजस्व और पीएटी वृद्धि दोनों में इस क्षेत्र की कंपनियों के लिए 40.8 प्रतिशत और 66.4 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, क्योंकि रुपये में कमजोरी और जिंस कीमतों में कुछ नरमी की वजह से मार्जिन दबाव बना हुआ है।

रुपये में कमजोरी से आयातित माल की संपूर्ण लागत में इजाफा हुआ है जिससे ऐसे उत्पादों के घरेलू निर्माताओं को कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि जहां तेल एवं धातुओं की वैश्विक कीमतों में मंदी की आशंका के बीच बाद में नरमी आई है, वहीं मौजूदा मौद्रिक उतार-चढ़ाव की वजह से यह लाभ प्रभावित होगा, क्योंकि इन कंपनियों के लिए ब्याज लागत बढ़ गई है।

कंपनियों ने अपने अनुबंधों में प्राइस वैरिएंस (पीवी) क्लॉज में बदलाव लाकर जिंस और मौद्रिक जोखिम पर ध्यान दिया है।

एलऐंडटी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी एस एन सुब्रमण्यन ने एक ताजा संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारे कई अनुबंध पीवी क्लॉज से जुड़े हुए हैं। कुछ पर जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव की वजह से मार्जिन पर कोई असर नहीं हुआ है। कुल मिलाकर, हमें बैलेंस शीट को संतुलित बनाना होगा, सुनिश्चित करना होगा कि सभी अनुबंध पीवी क्लॉज से जुड़े हों, कीमत वृद्धि के हालात में मोलभाव करना होगा।'

चुनौतियों के बावजूद विश्लेषक और कंपनियां इस पर कायम हैं कि ऑर्डर को लेकर पूछताछ और पूंजी प्रवाह पहली तिमाही में मजबूत रहा है जिसके अलावा बुनियादी ढांचा विकास पर सरकार द्वारा लगातार जोर दिए जाने और निजी क्षेत्र की पूंजीगत वस्तु गतिविधि में कोविड-19 की दो साल की सुस्ती के बाद अब तेजी आने से भी मदद मिली है।

भले ही, 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही इन कंपनियों के लिए मजबूत अवधि बनी रही, क्योंकि ऑर्डर प्रवाह इस अवधि में अच्छा रहने की संभावना है।

येस सिक्योरिटीज के विश्लेषकों हितेश जैन, हेमंत नाहटा, और केवल शाह ने इन्फ्रास्ट्रक्चर और पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की अपली पहली तिमाही पूर्व समीक्षा में कहा है, 'डेटा सेंटर, मेट्रो परियोजनाओं, विद्युत पारेषण एवं वितरण, और खनन जैसे क्षेत्र लगातार भारत में मजबूत वृद्धि बरकरार रखेंगे।'

विश्लेषकों का कहना है, 'निर्यात के मोर्चे पर, ऑर्डर और पूछताछ की प्रक्रिया पश्चिम एशिया, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और दक्षिण एशियाई क्षेत्रों से मजबूत बना हुआ है।' कंपनियों ने भी इसका संकेत दिया है। उनका कहना है कि इस साल अप्रैल और जून के बीच भारत और

पश्चिम एशिया जैसे बाजारों से ऑर्डर प्रवाह की स्थिति अच्छी रही है। उदाहरण के लिए, केईसी इंटरनैशनल ने हाल में कहा कि उसे रेलवे, विद्युत पारेषण एवं वितरण, हाइड्रोकार्बन, केबल, वायर और डेटा केंद्र समेत विभिन्न सेगमेंटों से 1,146 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले।